प्रश्न-अभ्यास : प्रश्नोत्तर

पाठ से :

1. अवध नरेश राजकुमारों की परीक्षा क्यों लेना चाहते थे ?

उत्तर–अवध नरेश अपने राज्य के लिए एक सुयोग्य उत्तराधिकारी की तलाश में थे। इसीलिए वे अपने राजकुमारों की परीक्षा लेना चाहते थे ताकि उनमें से सबसे योग्य राजकुमार को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर सकें।

2. हिमशुक तो राजा के लिए भेंट लाया था लेकिन वहीं भेंट उसे महँगी पड़ी कैसे ?

उत्तर–हिमशुक ने तो राजा के लिए अमरफल लाया था पर साँप के दाँतो से उसमें जहर लग जाने से वह फल जहरीला हो गया था। इस कारण उसे राजा के हाथों अपनी जान गँवानी पड़ी और यह भेंट उसे महँगी पड़ गयी।

3. राजा ने अपनी तीसरे बेटे को ही युवराज घोषित क्यों किया ?

उत्तर–राजा को तीसरे बेटे ने तोते हिमशुक की कहानी सुना सिद्ध कर दिया कि किसी को सजा देने के पहले यह पता लगा लेना जरूरी है कि वह सचमुच अपराधी है या नहीं। उसके तर्कपूर्ण कहानी से प्रभावित होकर राजा ने उसे यानी अपने तीसरे बेटे को ही युवराज घोषित कर दिया।

4. निम्नलिखित वाक्यांश किसने और किससे कहे–

(क) तुम्हारी माँ भी तुमसे मिलकर इतनी ही प्रसन्न होगी।

उत्तर– यह बात तोते हिमशुक से उसके पिता ने कही।

(ख) मैं पन्द्रह दिन बाद वापस आ जाऊँगाँ।

उत्तर–तोते हिमशुक ने अपने पिता से यह बात कही।

(ग) बुद्धिमानी की बात यह होगी कि फल खाने से पहले इसे किसी जानवर को खिलाकर देख लिया जाए।

उत्तर– मुख्यमंत्री ने राजा से कहा।

(घ) किसी को सजा देने से पहले इस बात का पूरा-पूरा पता लगा लेना जरूरी है कि वह सचमुच अपराधी है या नहीं।

उत्तर–राजा से उसके तीसरे बेटे ने यह बात कही।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के चार-चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें एक विकल्प सही है। सही विकल्प के सामने (✓) का निशान लगाइए।

(क) हिमशुक एक नाम है–

(i) जानवर का ( ) (ii) आदमी का ( )

(iii) पक्षी का ( ) (iv) जंगल का ( )

(ख) किस देश के राजा के पास अनोखा तोता था।

(i) अवध ( ) (ii) विदर्भ ( )

(iii) गंधार ( ) (iv) कोसल ( )

(ग) हिमशुक रात में कहाँ ठहरा था।

(i) पेड़ पर ( ) (ii) पहाड़ पर ( )

(iii) महल की छत पर ( ) (iv) गुंबद पर ( )

(घ) जहरीले फल को राजा ने क्या किया?

(i) नदी में फेंक दिया ( )

(ii) जलवा दिया ( )

(iii) स्वयं खा गया ( )

(iv) गड्ढे में दबवा दिया ( )

उत्तर–(क) (iii) पक्षी का ( ) (ख) (ii) विदर्भ ( ) (ग) (i) पेड़ पर ( ) (घ) (iv) गड्ढे में दबवा दिया ( )